**पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03/परीक्षा (विज्ञापन)–49/2025**
**बिहार कर्मचारी चयन आयोग,**
**पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14**

**आवश्यक सूचना**

ज्ञापांक–4544/आ0 पटना, दिनांक–31.10.2025

विज्ञापन संख्या–06/25, पद–कार्यालय परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) हेतु अंतिम रूप से आवेदन समर्पित करने वाले अभ्यर्थियो के लिए कतिपय बिन्दुओं पर Edit Option दिये जाने हेतु वांछित लिंक आयोग के वेबसाइट पर दिनांक–31.10.2025 से 24.11.2025 तक उपलब्ध कराये जाने की सूचना आयोग के आवश्यक सूचना ज्ञापांक–4248/आ0, दिनांक–14.10.2025 के द्वारा प्रकाशित की गयी थी। उक्त के आलोक में निम्न बिन्दुओं पर Edit Option दिया जा रहा है:–

I. अभ्यर्थी का नाम
II. माता का नाम
III. पिता का नाम

(I–III) **Only One of them.**

IV. आरक्षण कोटि में संशोधन।
V. जाति प्रमाण–पत्र/क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु प्रमाण–पत्र/स्वतंत्रता सेनानी आश्रित संबंधी प्रमाण पत्र/दिव्यांगता प्रमाण पत्र के प्रमाण पत्र संख्या एवं निर्गत तिथि में संशोधन।
VI. जन्मतिथि में संशोधन।
VII. सभी प्रकार के शैक्षणिक/तकनीकी/वांछनीय योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र एवं अन्य प्रमाण–पत्रों के निर्गत की तिथि एवं प्रमाण पत्र की संख्या में संशोधन।
VIII. दिव्यांगता श्रेणी में संशोधन।
IX. बिहार सरकार में कार्यरत सरकारी कर्मचारी के रुप में संशोधन।
X. बिहार सरकार में कार्यरत संविदा कर्मचारी के रुप में संशोधन।
XI. बिहार सरकार में कार्यरत कर्मियों को परीक्षा में सम्मिलित होने की संख्या में संशोधन।
XII. आधार कार्ड की संख्या में संशोधन।

Edit Option हेतु वांछित लिंक आयोग के वेबसाइट https://bssc.bihar.gov.in पर प्रदर्शित कर दिया गया है।

अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक–31.10.2025 से 24.11.2025 तक ऑनलाइन आवेदन की त्रुटियों में सुधार कर Final Submit करना सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थी अपने आवेदन में मात्र 01 बार सुधार कर सकते हैं। Final Submit करने के बाद दुबारा Edit Option उपलब्ध नहीं होगा।

ऐसै अभ्यर्थी जिनके द्वारा अबतक आवेदन समर्पित नहीं किया गया है, उनके लिए ऑनलाइन आवेदन में विधिवत संविदा नियोजित कर्मियों एवं एन0सी0सी0 के पूर्णकालिक कैडेट/अनुदेशक से संबंधित प्रावधान कर दिया गया है।

अभ्यर्थी अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट https://bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहें।

31/10/2025

सचिव
बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।